Chapter- 7

सदा मित्र की मदद करो

STUDY NOTES

कहानी का सारांश-

मोहन बहुत होशियार और अमीर घर का लड़का था। मोहन को अपनी अमीरी पर बहुत घमंड था, इसलिए वह किसी से भी अपनी चीजें बाँटना पसंद नहीं करता था। अचानक सुनील के पिता का तबादला हो जाने के कारण उसे एक नए पाठशाला में जाना पड़ा। सुनील जब अपने नए पाठशाला में गया तब वहाँ पर अध्यापिका जी ने सुनील का परिचय सभी बच्चों से करवाया और उसकी मदद करने के लिए कहा, पर मोहन ने मदद करने से मना कर दिया लेकीन सुनील ने अपने अच्छे व्यवहार से सबको अपना मित्र बना लिया। वार्षिक परीक्षा नज़दीक थी। अचानक मोहन बिमार पड़ गया। मोहन ने कक्षा के सभी छात्रों से मदद माँगी, पर किसी ने भी मोहन की मदद नहीं की। परंतु अंत में सुनील ने मोहन के घर जाकर पढ़ाई में उसकी मदद की। इस बात को लेकर मोहन को बहुत पछतावा हुआ। अंत में परीक्षा का परिणाम आया जिसे देखकर सभी आश्चर्य चकित हो गए, सुनील और मोहन दोनों के अंक एक जैसे ही थे।

मोहन ने सुनील का धन्यवाद किया, तथा साथ में सुनील से माफी भी माँगी। अंत में मोहन को यह अहसास हो गया था कि जीवन मैं सभी की सहायता करनी चाहिए।

कहानी की सीख-

किसी की मदद करने से आपको नुकसान नहीं जीवन में फायदा ही फायदा होता है।

कठिन शब्दों के अर्थ

- होशियार – अकलमंद, बुद्धिमान
- तबादला – बदली, एक स्थान से दूसरे जगह जाना
- वार्षिक – प्रतिवर्ष होने वाला
- उम्मीद – आशा
- निश्चय – तय करना
- हैरान - चकित
- परिणाम – नतीजा

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

१. मौखिक प्रश्नों के उत्तर लिखें।

क) मोहन कैसा लड़का था ?

उ - मोहन बहुत होशियार तथा अमीर घर का लड़का था।

ख) एक दिन अध्यापिका किसे लेकर कक्षा में आई ?

उ - एक दिन अध्यापिका सुनील को लेकर कक्षा में आई।

ग) मोहन ने क्या करने से मना कर दिया ?

उ - मोहन ने सुनील की मदद करने से मना कर दिया।

घ) सभी को क्या उम्मीद थी ?

उ - सभी को यह उम्मीद थी की हमेशा की तरह मोहन ही कक्षा में प्रथम आएगा।

ङ) परीक्षा से कुछ दिन पहले क्या हुआ ?

उ - परीक्षा से कुछ दिन पहले मोहन बीमार पड़ गया।

२. खाली जगह भरें।

क) मोहन बहुत <u>होशियार</u> लड़का था।

ख) मोहन को अपनी अमीरी पर <u>घमंड</u> था।

ग) सुनील का व्यवहार <u>अच्छा</u> था।

घ) सुनील ने सभी छात्रों को अपना <u>मित्र</u> बना लिया।

ङ) सब बच्चे सुनील की <u>मदद</u> करते थे।

च) सुनील ने बीमार <u>मोहन</u> की मदद की।

छ) दोनों बच्चे <u>परीक्षा</u> में प्रथम आए।

३. प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क) मोहन को अपने ऊपर घमंड क्यों था ?

उ - मोहन को अपने ज्यादा अमीर होने पर बहुत घमंड़ था।

ख) सुनील की मदद किसने की ?

उ - सुनील की मदद कक्षा के सभी छात्र करने लगे।

ग) बीमार पड़ने पर मोहन की मदद किसने की और कैसे ?

उ - बीमार पड़ने पर मोहन की मदद सुनील ने की। सुनील उसके घर जाकर पढ़ाई में पूरी तरह से मोहन की मदद की थी।

घ) परीक्षा का परिणाम निकलने पर सब आश्चर्यचकित क्यों रह गए ?

उ - परीक्षा का परिणाम निकलने पर सब आश्चर्यचकित रह गए क्योंकी परीक्षा में दोनो प्रथम आए थे।

४. मूल्यपरक प्रश्न -

क) मोहन का हृदय परिवर्तन कैसे हुआ ?

उ - मोहन जब बीमार पड़ गया था, तब पढ़ाई में किसी ने भी उसकी मदद नहीं की थी, पर आखीर में सुनील ने उसकी मदद की थी, इस बजह से मोहन का हृदय परिवर्तन हुआ।

ख) मित्र की मदद करने से क्या लाभ मिलता है ?

उ - मित्र की मदद करने से मन को काफी खुशी मिलती है।

५. लिखित –

सही विकल्प चुनकर सही (✓) का निशान लगाइए –

क) कौन परीक्षा की तैयारी में लगे थे ?

बच्चे	☑	माता-पिता	☐
अड़ोसी-पड़ोसी	☐	शिक्षक	☐

ख) कौन-सी परीक्षा नज़दीक थी ?

मासिक	☐	अर्धवार्षिक	☐
वार्षिक	☑	तिमाही	☐

ग) परीक्षा के समय कौन बीमार पड़ गया ?

सुनील	☐	मोहन	☑
सोहन	☐	अनिल	☐

घ) 'सदा मित्र की मदद करो' इस पाठ की सीख है -

मदद करो	☑	झगड़ा करो	☐
ज़िद करो	☐	परेशान करो	☐

६. भाषा ज्ञान –

प्रथम, राष्ट्र, धर्म, वर्ष

७. एक शब्द में लिखिए –

क) सोने के आभूषण बनाने वाला - सुनार

ख) सप्ताह में एक बार प्रकाशित – साप्ताहिकी

ग) मिट्टी के बरतन बनाने वाला - कुम्हार

८. **समान अर्थवाले शब्दों को जोड़कर लिखिए ।**

क)	कक्षा	-	वर्ग
ख)	छात्र	-	विद्यार्थी
ग)	मदद	-	सहायता
घ)	फायदा	-	लाभ
ङ)	माफ़ी	-	क्षमा

♦♦♦